Printed passenger Tickets at the Platforms of Railway Stations

3004. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that printed passengers tickets are not being supplied in adequate number to the Railway booking offices located at the platforms of various Railway stations, including Asansol in Eastern Railway, if so, the reasons therefor;

(b) whether Government are aware of the fact that Booking clerks at these stations have been issuing tickets meant for one destination by defacing the same in ink and writing thereupon the station names for quite some time; if so, the details thereof;

(c) what are the safeguards adopted against such eventualities; and

(d) the reasons for not supplying adequate printed tickets to the offices where passenger booking is done manually?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) No, Sir. Adequate stock of printed card tickets is supplied to the Railway stations as per requirement based on periodical assessment.

(b) No such complaint has been received.

(c) and (d) Do not arise.

गुजरात में रेल परियोजनायें

3005. **श्री रामसिंह राठवा** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कौन-कौन सी रेल परियोजनायें शुरू की गयी थी ;

(ख) उन्हें किस वर्ष में पूरा किया गया और उन पर कितनी लागत आयी ;

(ग) ये परियोजनायें किस तरह के कार्य और किन-किन क्षेत्रों से संबंधित हैं ;

(घ) क्या यह सच है कि गुजरात से संबंधित परियोजनाओं के निर्माण कार्य में विलंब हो रहा है ;

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(च) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान गुजरात से संबंधित किन-किन रेल परियोजनाओं को हाथ में लेने का विचार है और उन पर कितनी लागत आयेगी तथा उन्हें किस वर्ष में पूरा किया जायेगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) एक विवरण संलग्न है। (नीचे देखिये)

(घ) जी नहीं ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

(च) अभी तक आठवीं योजना के प्रस्तावों को अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

विवरण

प्रमुख कार्यों से संबंधित ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

सातवीं योजना में (मार्च, 1985 से) शामिल की गई नई लाइनें

नई लाइनें

निर्माण कार्यक्रम का वर्ष	क्रम सं.	खंड तथा राज्य	लागत (करोड़ रुपयों में)	पूरा करने की लक्ष्य तिथि
85–86	1.	सतना-रीवा (50 कि. मी.) मध्य प्रदेश।	46.13	3–6.92
85–86	2.	गुना-इटावा (348 कि.मी.) म. प्र./उ. प्र.	158.77	संसाधनों की उलब्धता पर निर्भर करेगी।
87–88	3.	लक्ष्मीकांतपुर-नामखाना (47.5 कि. मी.) पश्चिम बंगाल	40–90	,,
87–88	4.	त्रिचूर-गुरुवायूर (24 कि. मी.) केरल	16.67	31.3.92
89–90	5.	ब्यास-गोइंदवाल (27 कि. मी.) पंजाब	21.13	संसाधनों की उप-लब्धता पर निभर करेगी।
89–90	6.	गोधरा-इन्दौर तथा देवास—मकसी (316 कि. मी.) गुजरात/म.प्र.	297.14	,,
		आमान परिवर्तन		
89–90	1.	छपरा-ग्रौंडिहार (171 कि.मी.) बिहार/उ. प्र.	85.13	31.12.93
90–91	2.	फुलेचा-बीकानेर (लालगढ़) तथा मेड़ता रोड-जोधपुर (430 कि. मी.) राजस्थान	325.87	संसाधनों की उप-लब्धता पर निर्भर करेगी।
90–91	3.	भिलड़ी-समदड़ी तथा समदड़ी-जोधपुर के बीच समानांतर बड़ी लाइन (303 कि. मी.) गुजरात/राजस्थान	267.83	,,
90–91	4.	सवाई माधोपुर-जयपुर तथा जयपुर से फुलेरा तक समानांतर बड़ी लाइन (187 कि. मी.) राजस्थान	185.85	,,
90–91	5.	भिलड़ी-वीरमगाम नई लाइन/आमान परिवतन (145 कि. मी.) गुजरात	155.66	,,